राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## गांधी जयन्ती और शास्त्री जयन्ती पर राज्यपाल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

जयपुर, 2 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

श्री मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्री जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने के लिए कृतसंकल्पित रहें। उन्होंने कहा कि गांधीजी का सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या और अहिंसा का पर्याय है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने सादा जीवन उच्च विचार के साथ 'जय जवान जय किसान' का जो नारा दिया वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि यह दोनों ही महामानव थे। इनके आदर्श ही जीवन जीने की उज्ज्वल राह हैं।
इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

———————

## दुर्गाष्टमी पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 2 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दुर्गाष्टमी (3 अक्टूबर) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कामना की है कि मां महागौरी सभी को सुख, शांति, वैभव और आरोग्य प्रदान करें तथा सबकी मनोकामना पूरी करें।

———